
# 8 करो मज़े-दस के साथ





© NCERT not to be republished


बिना अंकल की मदद से, क्या तुम यह कर सकते हो? इन चीज़ों के लिए तुम्हें कितने 10 रुपये के नोट और एक-एक रुपये के सिक्के चाहिए? चित्र बनाओ।




______________________________




______________________________




______________________________

✪ इन नोटों और सिक्कों को मिलाकर कितने रुपये होंगे?


= 30 रुपये


= ______ रुपये


= ______ रुपये



= ______ रुपये


= ______ रुपये

खेलने वाले नोटों से इसी तरह का अभ्यास कार्य कक्षा में करवाइए।

© NCERT not to be republished

## अभ्यास का समय




अब तुम इन्हें लिखो और ज़ोर से पढ़ो।

27 = ___ + 7

31 = 30 + ___

54 = ___ + ___

___ = 90 + 9

63 = ___ + ___

36 = ___ + ___

___ = 80 + 2

आप इनको तोड़कर लिखने की कोशिश कीजिए।

12 = 10 + 2

19 = ___ + 9

11 = ___ + ___


___ = 10 + 7



बच्चों से पता कीजिए कि क्या उन्हें किसी दूसरी भाषा में भी गिनती आती है। अंग्रेजी भाषा में गिनती के पैटर्न पर बच्चों से चर्चा करें।

© NCERT not to be republished

## कड़ा फेंको!





कर्मा और गेसर कड़ा फेंकने का खेल, खेल रहे हैं। कर्मा ने कड़ा बिंदियों पर फेंका।

हर बड़ी लाल बिंदी 10 अंकों के बराबर है। हर छोटी हरी बिंदी 1 अंक के बराबर है।

रिंग के अंदर-अंदर आने वाली बिंदियाँ हैं.


| बिंदियाँ | | |
|---|---|---|
| अंक | 40 | 4 |

इसलिए कर्मा को 44 अंक मिले।

वे दोनों दो-दो बार कड़ा फेंकते हैं। ये रहे उनके अंक

| फेंक | कर्मा | गेसर | कौन जीता |
|---|---|---|---|
| पहली | 44 | 13 | कर्मा |
| दूसरी | 16 | 32 | गेसर |

© NCERT not to be republished



तुम भी इस खेल को अपने दोस्त के साथ खेल सकते हो। अपनी हर फेंक पर पाए गए अंक लिखो।

| फेंक | मेरे अंक | मेरे दोस्त के अंक | विजेता |
|---|---|---|---|
| पहली | | | |
| दूसरी | | | |
| तीसरी | | | |
| चौथी | | | |
| पाँचवीं | | | |
| छठी | | | |

मन ही मन सोचकर स्कोर बताने के लिए छात्रों को प्रेरित करें।

© NCERT not to be republished

## बाँसुरीवाला और चूहे




मैं किसी ऐसे आदमी को ढूँढ़ रहा हूँ जो चूहों को टोकरे में पकड़े। हर चूहे पर एक सोने का सिक्का मिलेगा।


मैं करूँगा।
क्या! बाँसुरी से।




मेरा इनाम महाराज! मैंने 80 चूहों को टोकरे में पकड़ लिया है।
पर तुमने इतनी जल्दी इतने सारे चूहे कैसे गिने?



बहुत आसान! मैंने इन कार्डों का इस्तेमाल किया।




मैंने एक चूहा गिना और एक 1 कार्ड अपनी जेब में रखा।


1 एक चूहे के लिए

1 1 दो चूहे के लिए

1 1 1 1 1 1 कितने चूहों के लिए? ______

जब मेरे पास 10 कार्ड हो गए, तो मैंने उनके बदले में अपनी जेब में यह कार्ड 10 रख लिया।








तब 7 और चूहे आए। तब मेरे पास जेब में थे –




17 चूहों के लिए।

उसके पास जेब में कौन–कौन से कार्ड होंगे अगर उसने इतना गिना।

(क) 23 → 


(ख) 47 →

(ग) 55 →

(घ) 63 →

(ङ) 72 →

(च) 80 →


बच्चों को प्रेरित करें ताकि वे टोकन कार्ड बनाएँ और अलग–अलग गतिविधियों में उनका इस्तेमाल करें।

राजा ने इनाम में बाँसुरी वाले को सोने के सिक्के दिए।




✪ क्या तुम अंदाज़ा लगा सकते हो कि इसके बाद क्या हुआ?

✪ अब कक्षा में इस कहानी का नाटक बनाओ।



# स्कूल का सफ़ाई दिवस




हर कक्षा में बच्चों की संख्या इस तरह है।

| | |
|---|---|
| कक्षा 1 | 53 |
| कक्षा 2 | 42 |
| कक्षा 3 | 35 |
| कक्षा 4 | 54 |
| कक्षा 5 | 26 |

© NCERT not to be republished

- हर कक्षा में कितनी टीमें होंगी? कितने बच्चे किसी भी टीम में नहीं होंगे? यहाँ लिखो।

| | *कितनी टीमें?* | *बचे हुए बच्चे* |
|---|---|---|
| कक्षा 1 | | |
| कक्षा 2 | | |
| कक्षा 3 | | |
| कक्षा 4 | | |
| कक्षा 5 | | |

- कुल कितने बच्चे किसी टीम में नहीं होंगे? ________________
- इन बच्चों से कितनी टीमें और बन सकती हैं? __________________

**अभ्यास का समय – तुम्हारे स्कूल में दस-दस की टीमें**

- पता करो तुम्हारे स्कूल की हर कक्षा में कितने बच्चे हैं।
- हर कक्षा में दस-दस की टीमें बनाओ।
- हर कक्षा में कितने बच्चे किसी टीम में नहीं हैं?

© NCERT not to be republished